WOMEN'S LIBRARIAN ASSOCIATION OF ASSAM

1st CONFERENCE, 2023

# वुमेंस लाइब्रेरियन संघ का अधिवेशन आज

डिब्रूगढ़, 21 अप्रैल (वि.सं.)। वुमेन्स लाइब्रेरियंस एसोसिएशन ऑफ असम तथा डिब्रू महाविद्यालय, डिब्रूगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में वुमेन्स लाइब्रेरियन्स एसोसिएशन ऑफ असम का प्रथम अधिवेशन कल डिब्रू महाविद्यालय में होगा। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. जितेन हजारिका तथा सम्मानित अतिथि के रूप में लाइब्रेरी साइंस विभाग, गुवाहाटी विश्वविद्यालय के सेवा निवृत्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष अलका बुढ़ागोहाई मौजूद रहेंगे। जबकि डॉ. बदन बर्मन, सहायक प्रोफेसर, डीएलआईएससी, गुवाहाटी विश्वविद्यालय टूल्स ऑफ इफेक्टिव टीचिंग एंड रिसर्च विषय पर विशेष व्याख्यान देंगे। प्रोफेसर नरेंद्र लहकर, अध्यक्ष आईएएसएलआईसी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर और प्रमुख, डीएलआईएससी, गुवाहाटी विश्वविद्यालय मुख्य व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर पुस्तक विमोचन के साथ शान्ति दास स्मृति बेस्ट लाइब्रेरियन पुरस्कार भी दिए जाएंगे। आयोजना समिति की सचिव श्रीमती दीपिका दास ने अधिवेशन के उद्देश्यों के बारे में बताया कि सामाजिक विकास के साथ संयोजन के रूप में अकादमिक और अनुसंधान के सार और उत्कृष्टता का प्रयास करना है। सम्मेलन का उद्देश्य दिग्गजों के संयोजन और उनके व्यावहारिक विचार-विमर्श को देखना और असम के इतिहास में एलआईएस पेशेवरों के योगदान को याद करना है।

Dainik Purvoday, 22 April 2023